'मेट्रो' सिटी बनेगा गुरुग्राम, बदल जाएगी सूरत, ट्रैफिक जाम से मि छुटकार, आज PM मोदी ने रख दी नींव

Gurugram Metro updates: गुरुग्राम वासियों ही नहीं गुरुग्राम में रोजगार के लिए आने वाले लोगों के लिए भी खुशखबरी है. पहले से ही जॉब, प्रॉपर्टी रेट्स और डेवलपमेंट में काफी आगे चल रहा गुरुग्राम अब 'मेट्रो' सिटी बनने जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम मेट्रो की आधारशिला रख दी है. यह खबर मिलते ही गुरुग्राम के रियल एस्टेट में क्रांति आ गई है. आने वाले दिनों में यहां प्रॉपर्टी की मांग और कीमतें दोनों ही आसमान पर पहुंचने वाली हैं.

गुरुग्राम में लंबे समय बाद खुशखबरी आई है. गुरुग्राम में 21 जून 2010 को पहली बार मेट्रो पहुंची थी. यह मेट्रो गुरुग्राम के मिलेनियम सिटी तक (पहले हुडा सिटी सेंटर) तक ही सिमटकर रह गई थी. इतने सालों में जब नोएडा से लेकर दिल्ली में मेट्रो का जबर्दस्त तरीके से विस्तार हो रहा था, यहां तक कि फरीदाबाद के आगे बल्लभगढ़ तक मेट्रो पहुंच गई थी, वहां गुरुग्राम में मिलेनियम सिटी सेंटर से आगे मेट्रो का विस्तार नहीं हो पा रहा था. लेकिन अब जबकि पीएम मोदी ने मेट्रो की आधारशिला रखकर यह सौगात दे दी है तो यह गुरुग्राम के लिए विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होने वाली है.



कहां से कहां तक होगा गुरुग्राम मेट्रो रूट

गुरुग्राम में मेट्रो की फंक्शनिंग में करीब 4 साल का समय लगेगा. मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक मेट्रो के विस्तार के दौरान करीब 28.5 किलोमीटर की दूरी में 27 मेट्रो स्टेशन बनेंगे. ये स्टेशन सेक्टर 45, साइबर पार्क, सेक्टर 47, सुभाष चौक, सेक्टर 48, सेक्टर 72ए, हीरो होंडा चौक, उद्योग विहार फेस 6, सेक्टर 10, सेक्टर 37, गांव बसई, सेक्टर 9, सेक्टर 7, सेक्टर 4, सेक्टर 5, अशोक विहार, सेक्टर 3, बजघेड़ा रोड, पालम विहार एक्सटेंशन, पालम विहार, सेक्टर 23ए, सेक्टर 22, उद्योग विहार फेस 4, उद्योग विहार फेस 5 और साइबर सिटी तक होंगे.

द्वारका एक्सप्रेसवे तक पहुंच होगी और आसान

गुरुग्राम मेट्रो रूट द्वारका एक्सप्रेसवे के नजदीक होकर गुजरेगा, इसलिए इस क्षेत्र में बेहतरीन विकास होने की उम्मीद है. यहां सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी की डिमांड बढ़ेगी. रियल एस्टेट डेवलपर्स मेट्रो कॉरिडोर के साथ प्रॉपर्टी की मांग और मूल्यों में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद करते हैं. प्रॉपर्टी में मेट्रो स्टेशनों से निकटता एक प्रमुख सेलिंग पॉइंट है, ऐसे में गुरुग्राम मेट्रो के बाद रेसिडेंशियल और कमर्शियल प्रॉपर्टी की मांग बढ़ेगी और संभावित रूप से कीमतें भी बढ़ेंगी.

गुरुग्राम के जाम से मिलेगी मुक्ति

बारिश के दिनों में जलभराव और गुरुग्राम का जाम पूरे एनसीआर में लोकप्रिय है. सामान्य दिनों में पीक आवर्स में भी दिल्ली-गुरुग्राम हाइवे के अलावा गुरुग्राम की सामान्य सड़कों पर भी जाम रहता है. इसकी एक वजह सिर्फ सड़क मार्ग से आवाजाही होना भी है. अब जबकि मेट्रो की सुविधा हो जाएगी तो यहां के भारी जाम से निजात मिल जाएगी. साथ ही लोगों को आरामदायक सफर करने का भी मौका मिलेगा.

शहर में नए युग की शुरुआत

मेट्रो की नींव रखे जाने पर सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड के फाउंडर एंड चेयरमैन, प्रदीप अग्रवाल कहते हैं, 'गुरुग्राम मेट्रो शहर में प्रगति के एक नए युग की शुरुआत है. मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक मेट्रो का विस्तार गुरुग्राम के लिए एक परिवर्तनकारी छलांग है. जैसा कि यह मेट्रो रूट विकास के सेंटर से होकर गुजरता है, द्वारका एक्सप्रेसवे के करीब से गुजरता है और नए गुरुग्राम की ओर बढ़ता है, यह न केवल बढ़ी हुई कनेक्टिविटी का वादा करता है बल्कि प्रॉपर्टी के मूल्यों में वृद्धि का भी संकेत देता है.

टॉप शहरों की लिस्ट में शामिल होगा गुरुग्राम

वहीं त्रेहान आईरिस के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिषेक त्रेहान ने कहा, गुरुग्राम के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ने कमर्शियल और रेसिडेंशियल हब के रूप में गुरुग्राम को यहां तक पहुंचाया है. अब नए गुरुग्राम को पुराने गुरुग्राम से जोड़ना, शहर के दो प्रमुख हिस्सों को करीब लाना, लोगों के आवागमन को आसान बनाना और शहर की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ाना, इसे देश ही नहीं विदेशों के टॉप शहरों की लिस्ट में पहुंचा देगा. गुरुग्राम में ग्रेड-ए ऑफिस और उभरते कॉरीडोर की मांग हर तिमाही बढ़ रही है, और लीजिंग गतिविधि भी बढ़ रही है. आगामी मेट्रो कॉरिडोर से कमर्शियल गतिविधि पर और अधिक प्रभाव पड़ने और मेट्रो क्षेत्र के आसपास रेसिडेंशियल मांग को बढ़ावा मिलने, रियल एस्टेट विकास के लिए नए रास्ते खुलने और गुरुग्राम का चेहरा हमेशा के लिए बदलने की संभावना है.